# ग्राम बरहटा में पानी की टंकी का लोकार्पण

## शिक्षा मंत्री ने किया पांच निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जिले के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरहटा (केकरा) में लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां 31 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 5 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व 36.33 लाख रुपये की लागत से निर्मित 8 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम बरहटा (बरेली) में नल- जल योजना का लोकार्पण फीता काटकर किया।

मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने ग्राम बरेली में 2 लाख 50 हजार रुपये लागत के सामुदायिक भवन, डांगहार केंकरा में 3 लाख रुपये लागत का ट्रांसफार्मर, बरेली उमरधाहार में 3 लाख रुपये का ट्रांसफार्मर, ग्राम बरेली में 20 लाख रुपये लागत का सामुदायिक भवन और बरहटा टोला (कद्दार हार घुरपुर) में 2 लाख 50 हजार रुपये का ट्रांसफार्मर के कार्यों का भूमिपूजन किया।

मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने ग्राम बरहटा में 7 लाख रुपये की लागत का पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल, ग्राम बरहटा में 3 लाख 45 हजार रुपये लागत का स्वच्छ परिसर, ग्राम बरहटा में एक लाख 65 हजार रुपये के लागत का सेट मंच अतिरिक्त कक्ष, केकरा में 4 लाख 84 हजार रुपये लागत का आंतरिक नाली निर्माण, 4 लाख 64 हजार रुपये के लागत का बरेली चौराहा से सीसी रोड, 5 लाख रुपये की लागत के दूल्हादेव से शाला भवन सीसी रोड निर्माण और केकरा में 4 लाख 75 हजार रुपये का आरसीसी नाली निर्माण के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अलावा मंत्री श्री सिंह ने एकल ग्राम बरहटा (बरेली) में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 63.47 लाख रुपये लागत की नल- जल योजना का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मंत्री सिंह ने एकीकृत प्राथमिक शाला में पेवर ब्लॉक के लिए 2 लाख 50 हज़ार रुपये, ग्राम बरहटा टोला में मंच शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये और प्राथमिक शाला बरहटा टोला में बाउंड्रीबाल व पेवर ब्लॉक के लिए 2.50 लाख रुपये देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरपंच चाहता है कि हमारी पंचायत आदर्श पंचायत बने, विधायक चाहते हैं कि हमारी विधानसभा आदर्श विधानसभा बनें, मुख्यमंत्री चाहते हैं कि देश में प्रदेश अव्वल स्थान पर हो और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि दुनिया में भारत विश्व गुरू बने। इस कल्पना के साथ सरपंच से लेकर प्रधानमंत्री तक काम करता है, तब सही मायने में देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी- कर्मचारी और जनप्रतिनिधि अपनी ईमानदारी से काम करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जब मिलकर मेहनत करने से परिणाम भी सामने आते हैं। उन्होंने बताया कि 38 लाख रुपये की लागत का भवन स्वीकृत कर दिया, भवन का काम शीघ्र चालू हो जायेगा।

मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की समृद्ध भारत बनाने की कल्पना को साकार करने व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए अधिकारी- कर्मचारियों से अच्छे मन से समर्पण भाव से कार्य करने की बात कही। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भवन ऐसी जगह बनाया जाये, जहां परिसर में और बनाने की जगह हो। भविष्य में उस भवन को मैरिज गार्डन के रूप में परिवर्तित कर देंगे, जिससे शादी विवाह व अन्य कार्यक्रमों के लिए गाडरवारा जाने की आवश्यकता नहीं होगी, गांव में ही ये आयोजन हो सकेंगे। इसके लिए डॉ. योगेश द्वारा एक एकड़ जमीन दान देने पर मंत्री श्री सिंह ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल बरहटा की कक्षा 10 वीं की छात्रा नंदिनी मेहरा को 92 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर 5100 रुपये की राशि मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने मंच से किसानों को मिनी किट बीज का वितरण किया।

# क्रिकेट में नगर की बेटी ने बढ़ाया जिले का सम्मान

## अंडर 15 मप्र क्रिकेट टीम में बनाया स्थान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अपने हरफनमौला प्रदर्शन की दम पर नरसिंहपुर निवासी काव्या पटेल जाट ने मप्र अंडर 15 क्रिकेट टीम में स्थान बनाया है। जो राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ चार अभ्यास मैच खेलेंगीं। उसके बाद बीसीसीआइ की ओर से पुणे में 21 से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाले नेशनल लीग राउंड टूनामेंट में मप्र की ओर से खेलेंगी।

नरसिंहपुर निवासी क्रिकेट खिलाड़ी काव्या आल राउंडर हैं जिन्होंने लगातार मेहनत और अभ्यास से अपने खेल कौशल को निखारा है और अपनी प्रतिभा से विशेषज्ञों का ध्यान खींचा हैं। मप्र टीम में शामिल होने के पूर्व वह जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकीं हैं। काव्या वर्तमान में क्रिकेट किंगडम क्रिकेट अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण ले रहीं हैं। काव्या का कहना है कि खेल के क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पिता मनोज व मां नीलम पटेल जाट व प्रशिक्षकों ने लगातार प्रेरित किया।

वह करीब 6 वर्ष से क्रिकेट खेल रहीं हैं। वह कहतीं हैं कि उनके दादा पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष लालसाहब जाट ने भी खेल को निखारने के लिए बचपन से हौसला बढ़ाया। घर-परिवार से मिले प्रोत्साहन के कारण ही आज उन्हें इस तरह के मौके मिल रहे हैं।

## सार-समाचार

### कबाड़ से बनाया शाला का फर्नीचर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला स्टेशन गंज गाडरवारा के प्रधान पाठक विनोद कुमार सोनी ने जन शिक्षा केंद्र प्रभारी एम के चक्रवर्ती जी से निवेदन करके उनके यहां अतिरिक्त फर्नीचर जो कबाड़ के रूप में पड़ा हुआ था उसको उठाकर उसकी रिपेयरिंग करा कर एक क्लास का फर्नीचर तैयार किया गया। रविवार को यह कार्य प्रधान पाठक एवं शाला के राजेश ठाकुर द्वारा कराया गया सोमवार के दिन छात्राओं ने जब कक्षा में कुर्सी टेबल का फर्नीचर देखा तो अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गई जिससे छात्रों एवं पालकों में हर्ष व्याप्त है सभी ने प्रधान पाठक नेक कार्य का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राकेश प्रजापति बने अध्यक्ष

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाइजेशन द्वारा राकेश कुमार प्रजापति को गाडरवारा नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष बलराम प्रजापति की उपस्थिति में सदस्यों की अनुसंशा पर यह नियुक्ति कि गई है। इस अवसर पर प्रदेश के उपाध्यक्ष कमलेश प्रजापति प्रदेश सचिव सुनील प्रजापति जबलपुर एवं छिंदवाड़ा संभाग प्रभारी सोनू प्रजापति समाज सेवी शकल्लू प्रजापति गजेन्द्र प्रजापति भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन के पूर्व जिला अध्यक्ष कि उपस्थिति में नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें राकेश प्रजापति को नगर अध्यक्ष खेमचंद प्रजापति को उपाध्यक्ष मन्नूलाल प्रजापत को मुख्य सचिव पारस प्रजापति को सचिव घनश्याम प्रजापति को कोषाध्यक्ष ब्रजेश प्रजापति को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमे प्रजापति समाज के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

### अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संकीर्तन समाज नरसिंहपुर दारा इस वर्ष भी 39वां वार्षिक सप्त दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव आज 12 नवंबर से आयोजित है। संकीर्तन समाज के अनुसार पंडित शिवशंकर दीक्षित दमोह वालों के पुण्य स्मरण में 12 नवंबर देवउठनी ग्यारस से आयोजन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन दीक्षित बड़े भैया के सानिध्य में नित्य संकीर्तन एवं कथा का श्रवण श्रद्धालु कर सकेंगे। साथ ही प्रतिदिन 19 नवंबर तक दोपहर 2:30 बजे से पंडित नीलमणि दीक्षित दमोह वालों द्वारा रामकथा पर प्रवचन दिए जायेंगे। 19 नवंबर को कार्यक्रम का समापन एवं भंडारा होगा। तुलसी मानस प्रतिष्ठिान सदर मढ़िया परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में संकीर्तन समाज ने सभी से सहभागिता की अपील की है।

### विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के मार्गदर्शन में विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर नालसा (बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन 11 नवंबर को पीएमश्री शा. एम.एल.बी कन्या शाला नरसिंहपुर में किया गया। उक्त ि‍विर में सचिवञ्चजिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर वैभव सक्सेना द्वारा बच्चो को मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, मोटर व्हीकल एक्ट, पॉक्सो एक्ट, विधि क्षेत्र में बच्चो को कैरियर बनाने के लिये मार्गदर्शन प्रदान किया एवं ट्रोल फ्री न. 15100 की जानकारी दी। उक्त अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती आशा नेमा, शिक्षकगण श्रीमती माया पटैल, श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती ज्योति नेमा, हरिओम शर्मा एवं पीएलव्ही गोपाल व्यौहार, मदन साहू सहित छात्राये उपस्थित रही।

### वन भूमि पट्टेधारी किसानों को मसूर मिनी किट वितरण किया



**गोटेगांव, देशबन्धु।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के विकास खंड गोटेगाँव ऑफिस से दूरस्थ अंचल से वन भूमि पट्टेधारी किसानों को मसूर मिनिकिट वितरण किये. ग्राम सिवनी एवं रोहिया पटी के किसानों ने जिला पंचायत सदस्य प्र. राजेश झारिया एवं जनपद सदस्य प्र. राजेश कूमरे की उपस्थिति में प्राप्त किये. इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी डीपी मेहरा, कृषि विस्तार अधिकारी बीएम पाठक एवं तरुण यादव, पवन पटेल, संजय ठाकरे, नीलिमा गड़पाल आदि उपस्थित हुये।

# राज्य आनंद संस्थान ने किया वस्त्रों एवं खाद्य पदार्थों का वितरण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल मप्र के निर्देशानुसार नरसिंह आनंद क्लब द्वारा हर घर दिवाली, घर-घर दिवाली के तहत आंवला नवमी पर्व पर जरूरतमंद लोगों के लिए क्लब के सदस्यों द्वारा वस्त्रों एवं खाद्य पदार्थो सहित अन्य वस्तुओं का वितरण चलित आनंदम केंद्र के माध्यम से किया गया। सर्वप्रथम एकान्त वन में आंवला नवमी पर सभी आनंदको द्वारा आंवला के पौधे को रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिले की मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय ने पेड़ो के महत्व को समझते हुए बताया कि जिस प्रकार हमारे जीवन में परिवार का महत्व है उसी प्रकार पेड़ पौधे भी हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे है। इसलिए परिवार की तरह हमें भी पेड़ पौधों के महत्व को समझते हुए उनकी देखभाल और अपने जन्म दिवस जैसे खास अवसरों पर एक पौधा जरूर लगाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

पौधा रोपड़ के पश्चात मुशरान मुहल्ला एवं रेलवे स्टेशन परिसर के आस-पास में वस्त्रों और खाद्य पदार्थो का वितरण किया गया। वितरण के दौरान सभी आनंदकों द्वारा राज्य आनंद संस्थान की गतिविधियों से लोगों को परिचित कराया गया।

कार्यक्रम में लोगों से बात करते हुए आनंदक अनामिका चौकसे, राजेश्वरी नेमा एवं आरती चौकसे ने बताया कि शून्य बजट पर मदद एवं बचत आनंदम (दुआओं का घर) आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

आनंदक धर्मेंद्र चंदेल ने बताया कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा लोगों के बीच खुशियां बांटने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय, यमुना विश्वकर्मा, आनंदकों में अनामिका चौकसे, दुर्गा चौकसे,कविता रारोलिया,आरती चौकसे, राजेश्वरी नेमा, समीक्षा राय, अनुष्का चौकसे, धर्मेंद्र कुमार चंदेल, सत्यम नेमा,शशिकांत मिश्र, मनीष विश्वकर्मा, अमित नामदेव, शिवम् नाथ, अमन राजपूत मौजूद थे।

# आज मनाई जायेगी देवउठनी ग्यारस

## घरों में होगा तुलसी एवं शालिगराम भगवान का विवाह



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आज 12 नवंबर मंगलवार को जिले भर में देवउठनी ग्यारस का त्यौहार श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। सनातनी परंपराओं के लिहाज से देव उठनी ग्यारस संपन्न होते ही बीते कुछ महीनों से आराम पर गये देवता जाग जागते हैं और इसी के साथ लोगों के घरों में मंगल कार्यो समेत शहनाईयों की गूंज सुनाई देने लगती है। देव उठनी ग्यारस के अवसर पर लोगों ने मान्यताओं के हिसाब से इस दिन गन्नों का विशेष महत्व होता है। देव उठनी ग्यारस के मंगलमयी मौके पर घरों-घर में श्रद्धालुओं द्वारा तुलसी कोट पर गन्ने का मंडप बनाकर पूजन अर्चन किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु पूरी रीति रिवाजों के साथ तुलसी का विवाह शालिगराम भगवान का विवाह संपन्न कराते हैं। ग्यारस के चलते जिले भर में गन्ने की आवक बड़ी मात्रा में हुई नगर में जगह-जगह देर रात दुकाने सज गईं थी।

दीपावली के देव उठनी ग्यारस का पर्व छोटी दीपावली के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन सुबह से ही बाजार में रौनक नजर आने लगती है और फूल, माला, मिठाईयां, खास गन्ने की इस दिन ज्यादा मांग होती है। क्योंकि ग्यारस के दिन गन्ने का विशेष महत्व बताया गया है। वहीं परंपरा के अनुसार इसे छोटी दीवाली कहा जाता है इस दिन भी लोग विवि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर जमकर आतिशबाजी करते हैं।

परंपराओं की माने तो देव उठनी ग्यारस से भगवान हरिनारायण पूर्व भाद्रपद कार्तिक सुदी के मौके पर जाग जाते हैं और आज ही के दिन से हेमंत ऋतु का शुभारंभ हो जाता है यह मौसम स्वास्थ्य के हिसाब से अच्छा माना जाता है। इस दौरान बतौर आस्था के लोग पूजा के समय गन्ना चढ़ाते है। वहीं पौराणिक मान्यताएं बताती है कि इस अवसर पर तुलसी का विवाह भगवान का अवतार माने जाने वाले शालिगराम के साथ हुआ था। पुष्य नक्षत्र में तुलसी पाप से मुक्त हुई थी यह परंपरा हमारे यहां प्राचीनकाल से मनाई जाती है।

# भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



**गाडरवारा, देशबन्धु।** जिला कलचुरी कलार समाज नरसिंहपुर के आयोजन में एवं कलचुरी कलार समाज गाडरवारा के संयोजन में जिला स्तरीय आयोजित भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव बहुत ही भव्य और दिव्यता के मनाया गया। भव्य शोभायात्रा का भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी तेलचित्र की पूजना अर्चना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय, प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई मनीषा राय, जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे, जिला संयोजक किशोर राय, युवा जिलाध्यक्ष आशीष राय,वरिष्ठ संरक्षक रजनीश राय, दयालु राय इत्यादि द्वारा कर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में साउंड बैंड के साथ भस्म आरती और महिला अखाड़े की शानदार प्रस्तुत देखने को मिली। सागर कोरी द्वारा भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जीवंत अद्भुत झांकी प्रदर्शित की गई। शोभायात्रा में कलचुरी समाज के राष्ट्रीय संत पगला नंद महाराज एवं में पूर्णानंद महाराज एवं समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय की विशेष उपस्थित रही। शोभायात्रा में जिले के हर तहसील,नगर एवं ग्राम से बड़ी संख्या में महिला अपने लाल रंग के ड्रेस कोर्ड साड़ी के साथ सिर पर साफा लगाए नेतृत्व कर आगे चल रही थी। वही पुरुष और युवा वर्ग भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। शोभायात्रा सुखदेव भवन से पलोटन गंज,महावीर भवन ,शक्ति चौक,झंडा चौक, जवाहर गंज होते हुए सुखदेव भवन में सम्पन्न हुई। जिसका जगह जगह भव्य स्वागत के साथ ड्रोन से पुष्प वर्षा भी की गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी। मंचीय कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि विनोद राय विंग कमान्डर भोपाल,अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे, मुख्य अतिथि पगलानन्द महाराज, पूर्णानन्द जी महाराज, सुनील जायसवाल पूर्व विधायक नरसिंहपुर, हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक, जिला संयोजक किशोर राय, राजेश राय उज्जैन, राजेंद्र वर्मा बरेली, प्रकाश राय भोपाल, मनोहर चौकसे, जिला उपाध्यक्ष प्रखर राय, प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई मनीषा राय, श्रद्धा चौकसे, उपाध्यक्ष नपा गोटेगाँव, जिला संयोजक महिला इकाई स्वाति जायसवाल, जिलाध्यक्ष महिला इकाई माया चौकसे, जिला उपाध्यक्ष प्रखर राय, जिलाध्यक्ष युवा इकाई आशीष राय, नगराध्यक्ष मनीष जायसवाल, महिला अध्यक्ष सुनीता चौकसे की उपस्थिति में भगवान के आरती के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

**प्रतिभाओं को किया सम्मानित** - स्वश्री सुभाष राय को उनके जीवन पर बनी भावपूर्ण डॉक्यूमेंट्री ने सभी को नमन किया तड़पश्चात उनके परिवारजनों को कलचुरी रत्न सम्मान से और कलचुरी गौरव से पूर्व विधायक सुनील जायसवाल,कलचुरी विशेष प्रतिभा से डॉ राजकुमार चौकसे नवागत प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नर्मदापुरम और नेशनल अवॉर्ड प्राप्त सृष्टि जायसवाल को भी सम्मानित किया गया। जिला युवा कलचुरी कलार समाज जिलाध्यक्ष आशीष राय के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान में गौरी जायसवाल,गुंजन चौकसे, अर्णव राय,कुमारी कनक राय, खुशी चौकसे, श्रेया जायसवाल पिता आशीष जायसवाल, ऐश्वर्य जायसवाल, अभिषेक राय, तनिष्का राय, वांशिक राय, संवेदना राय, मुस्कान राय को अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर पधारे प्रदेश के अन्य स्थानों से कलचुरी अध्यक्ष और जिले के जनप्रतिनिधि जनों का भी मंच से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन रूपेश राय और आभार व्यक्त सुनीता चौकसे ने किया।

**चौराहा अब पहचाना जाएगा सहस्त्रबाहु चौक के नाम से** × पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनीता रविशेखर जायसवाल के कार्यकाल में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बोदरी चौराहा को भगवान सहस्त्रबाहु के नाम से प्रस्तावित किया गया था। भगवान सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा शिलान्यास कर इस चौक के नामकरण किया गया। जिसके लिए पूरी समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार जताया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र एवं छात्रा इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2024-25 हेतु सर्वसहमति से नवीन दलनायक के रूप में वेदान्त दुबे एवं सह दलनायक मानस गुप्ता को चुना गया और नियुक्त पत्र दिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।छात्र एवं छात्रा इकाई के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई तथा छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में संपूर्ण जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई ,और एनएसएस के विषय में विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम अधिकारी ने बताया राष्ट्रीय सेवा योजना एक खुला मंच है जिसमें छात्र अपनी छुपी प्रतिभा को निखार सकते हैं राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्रों में समाज सेवा और निस्वार्थ की भावना आती है तथा समाजसेवा में प्रवृत्त होते हैं, प्रो.ज्योत्स्ना झारिया ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व का विकास होता है और छात्र-छात्राओं में अतिरिक्त योग्यता आती है राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से छात्रों को बी एवं सी प्रमाण पत्र मिलता है जो उनके लिए महत्वपूर्ण होता है जो उनके करियर के लिए उचित है। इस अवसर पर छात्र इकाई से वरिष्ठ स्वयं सेवक गणेशराज जाटव, बृजेश चौधरी, हर्षित चौरसिया, साहिल खान, नितेश जाटव, दिनेश अग्रवाल, बृजेश बसारे, कामेश चौधरी ,नितिन जाटव तथा छात्रा इकाई से कविता यादव, दलनायिका शिखा वर्मा एवं सह दलनायिका राशिका चौरसिया आदि स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

# श्रीदेव राधावल्लभ मंदिर में हुआ अन्नकूट का आयोजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय श्रीदेव राधावल्लभ मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नकूट का आयोजन किया गया। गहोई वैष्य समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुबह सर्वप्रथम पूजन अर्चन, महाआरती के बाद श्री राधावल्लभ जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। अन्नकूट महोत्सव के आयोजन में भण्डारे का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया गया जिसमें गहोई वैष्य समाज के सामाजिक बंधुओं के अलावा नगर के गणमान्यजनों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। गहोई वैष्य समाज ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाष गुप्ता पप्पू, समाज पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाष कनकने ने कार्यक्रम में खुले दिल से सहयोग करने वाले एवं समस्त सामाजिक बंधुओं का आभार जताया। उक्त धर्ममय आयोजन में ट्रस्ट पदाधिकारी, समाज पंचायत पदाधिकारी एवं नवयुवक मंडल, महिला मंडल सहित युवाओं ने जमकर सहयोग किया और पूरे समय रहकर अपनी उपस्थिति प्रदान की।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए